# जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र/जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, उत्तरकाशी।

**मासिक आख्या  नवम्बर, 2022**

**संख्या– मैंमो–तेरह–आ.प्र./मासिक आख्या/2022** **दिनांक – 01 दिसम्बर, 2022**

**दिनांक 03.11.2022 को जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण उत्तकरकाशी के द्वारा केन्द्रीय** विद्यालय मनेरी उत्तरकाशी के करीब 700 छात्र छात्राओ तथा विद्यालय कर्मियो को विद्यालय सुरक्षा आपदा प्रबन्धन प्राशिक्षण, प्राथमिक चिकित्सा, खोज बचाव उपकरणों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम मास्टर ट्रेनर, क्यू0आर0टी0 टीम तथा 15वीं वाहिनी एन0डी0आर0एफ0 के सहयोंग से प्रशिक्षण दिया गया।









**दिनांक 06.11.2022 को समय प्रातः 8:33 बजे जनपद उत्तरकाशी के समस्त तहसील** क्षेत्रान्तर्गत भूकम्प झटके महसूस किये गये। जनपद के समस्त तहसीलदार/थाना/पुलिस चौकियों/राजस्व उप निरीक्षक से भूकम्प से क्षति की सूचना प्राप्त की गयी। समस्त थाना/तहसीलान्तर्गत भूकम्प से किसी प्रकार के क्षति की सूचना प्राप्त नही हुयी। । तहसील भटवाडी में अवस्थित मनेरी/जोशियाडा बॉध से भूकम्प से क्षति की सूचना प्राप्त की गयी। उक्त बॉधों में भूकम्प से किसी प्रकार की क्षति की सूचना प्राप्त नही हुयी। इस प्रकार जनपद में भूकंप से किसी प्रकार की क्षति नही होने के सम्बन्ध मे आख्या शासन को प्रेषित की गयी।

**भारतीय मौसम विभाग (IMD) नई दिल्ली से प्राप्त सूचना के अनुसार भूकम्प का विवरण :–**

- भूकम्प का परिमाण – 4.5(रिक्टर पैमाने पर)
- अक्षांश/Latitude – 30.67° N
- देशान्तर/Longitude – 78.60° E
- समय– 08:33 AM बजे।
- भूकम्प की गहराई पृथ्वी की सतह से 05 कि0मी0 नीचे थी।
- भूकम्प का केन्द्र – दिहरी गढवाल के तहसील बालगंगा अन्तर्गत ग्राम बनाली फोरेस्ट रेंज में था।




दिनांक 09.11.2022 को जिले में 22वें स्थापना दिवस पर अधिकारियों एंव कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।











दिनांक 10.11.2022 को श्री विजेन्द्र सिंह पुत्र श्री बिक्रम सिंह उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम दिलसौड को अचानक स्वास्थ्य खराब (ब्रेन हेमरेज) होने के कारण चिकित्को के द्वारा हायर सेन्टर रेफर किया गया जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा उक्त व्यक्ति को हेलिकॉप्टर के माध्यम से एम्स चिकित्यालय ऋषिकेश भेजा गया।



## ब्रेन हेमरेज के मरीज को हेलीकॉप्टर ऋषिकेश एम्स पहुंचाया

**चिरंजीव सेमवाल**

**उत्तरकाशी।** जिला अस्पताल में भर्ती एक व्यक्ति को ब्रेन हेमरेज के बाद इलाज के लिए हेलीकॉप्टर से ऋषिकेश एम्स रेफर किया गया। गंगोत्री अनुरोध पर पुरीखेत में उतरे सरकारी हेलीकॉप्टर से व्यक्ति को शाम को हायर सेंटर रेफर किया। जिला आपदा प्रबंधन के अनुसार भटवाड़ी ब्लॉक के दिलसौड़ निवासी विजेंद्र सिंह पुत्र बिक्रम सिंह 42 वर्ष की अचानक तबियत खराब हुई। उसे जिला अस्पताल में इमरजेंसी में भर्ती किया गया, लेकिन डॉक्टरों ने ब्रेन हेमरेज बताकर हायर सेंटर रेफर करने की सलाह दी। जिसके बाद गंगोत्री क्षेत्र के विधायक सुरेश चौहान ने डीएम अभिषेक रूहेला व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 विनोद कुकरेती से वार्ता कर शासन स्तर से हेलीकॉप्टर मंगाया। शाम 4 बजे देहरादून से सरकारी हेलीकॉप्टर मंगवाकर पुरीखेत से उसे ऋषिकेश एम्स के लिए रेफर किया ।

दिनांक 11.11.2022 को समय लगभग सांय 5:00 बजे तहसील मोरी के फिताडी के पास एक बुलेरो वाहन दुर्घटनाग्रस्त हुयी। जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा एम्बुलेंस/पुलिस/राजस्व विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को घटना की जानकारी दी गयी एंव सम्बन्धितों से समन्वय स्थापित किया गया। उक्त वाहन मे 04 लोग सवार थे। एक व्यक्ति वाहन चालक की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गयी। तथा तीन लोग सामान्य घायल थे।

दिनांक 19.11.2022 को प्रातः 11:20 बजे यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग के स्थान ब्रहम्खाल अचानक होटल के पास वेगेनार वाहन उत्तरकाशी से बडकोट की तरफ जा रही थी अनियंत्रित होकर सड़क से लगभग 800 मीटर नीचे गिरने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हुयी। जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा एम्बुलेंस/पुलिस/राजस्व विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को घटना की जानकारी दी गयी तथा त्वरित गति से खोज–बचाव कार्य सम्पन्न करवाया गया। वाहन मे कुल 06 लोग सवार थे जिसमे से 05 लोगो की घटना स्थल पर मृत्यु हुयी। इसके अतिरिक्त गम्भीर घायल महिला को 108 के माध्यम से जिला चिकित्यालय लाया गया। उक्त घालय महिला को जिला चिकित्यालय उत्तरकाशी से हायर सेन्टर देहरादून भेजा गया।


















दिनांक 21.11.2022 को श्री कमल सिह पढ़ियार स्वास्थ्य खराब होने के कारण चिकित्सक द्वारा उक्त व्यक्ति को तत्काल हायर सेंटर रेफर किया गया परिजनों के अनुरोध पर जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा नागरिक उड्यन विभाग देहरादून से समन्वय कर उक्त व्यक्ति को हेलिकॉप्टर के माध्यम से एम्स चिकित्यालय ऋषिकेश भेजा गया।








दिनांक 22.11.2022 एंव 01.12.2022 को आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम, उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण(usdma) के माध्यम से प्रांरम्भ हुआ आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के आपदा प्रबन्धन अधिकारी एंव सहा0कंसल्टेंट तथा मास्टर ट्रेनर द्वारा संस्थान में आपदा मित्र प्रशिक्षण के प्रतिभागियों को आपदा प्रबन्धन एंव खोज–बचाव से संबन्धित सभी कार्यो के बारे में जानकारियां दी गयी तथा अनुश्रणव किया गया। संस्थान के द्वारा सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 89 प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया गया।






दिनांक 29.11.2022 को तहसील पुरोला के अंतर्गत चंदोली के पास एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र एम्बुलेंस/पुलिस/राजस्व विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को घटना की जानकारी दी गयी एंव घायल व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार के बाद देहरादून रैफर किया गया जिसमे से एक महिला की डामटा कि पास मृत्यु हुयी।




**इसके अतिरिक्त जनपद स्तर पर आहूत यात्रा प्रबन्धन/वनाग्नि/सड़क दुर्घटना एवं अन्य विभिन्न बैठकों में सम्बन्धितों से समन्वय कर आपदा प्रबन्धन अधिकारी द्वारा प्रतिभाग किया गया।**

**(देवेन्द्र सिंह पटवाल)**
**आपदा प्रबन्धन अधिकारी,**
**उत्तरकाशी।**

**प्रतिलिपिः— निम्नकिंतों की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।**

1. अपर सचिव, आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. अधिशासी निदेशक, आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबन्धन केन्द्र, सचिवालय, देहरादून।
3. राज्य समन्वयक, एस0आर0डी0आर0 परियोजना, आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबन्धन केन्द्र, सचिवालय, देहरादून।

आपदा प्रबन्धन अधिकारी,
उत्तरकाशी।